# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

## विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2025–2026

### कार्यालय–ज्ञाप (तिथि–वृद्धि)

शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण किया जायेगा। प्रथमा, पूर्व मध्यमा, उत्तर मध्यमा एवं शास्त्री प्रथम सेमेस्टर, शास्त्री तृतीय सेमेस्टर (2024–2027) शास्त्री पंचम सेमेस्टर (2023–2026) एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर, आचार्य तृतीय सेमेस्टर (2024–2026) कक्षाओं में छात्रहित में प्रवेश हेतु तिथि–वृद्धि की जाती है। अभ्यर्थी महाविद्यालय ऑनलाईन प्रवेशावेदनपत्र भरने से पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें। प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु निम्नलिखित वेबसाईट पर जाकर अपना प्रवेशावेदनपत्र पूरित कर सकते है।

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम | वेबसाइट |
|---|---|---|
| 1. | शास्त्री प्रथम सेमेस्टर एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर सामर्थ वेबसाइट | **www.ssvv.ac.in(Admission→collegeAdmissionPortal-2025-26→htts://ssvvadm.samarth.edu.in→New Registration)** |
| 2. | प्रथमा, पूर्व मध्यमा, उत्तर मध्यमा एवं शास्त्री तृतीय सेमेस्टर (2024–2027) शास्त्री पंचम सेमेस्टर (2023–2026) एवं आचार्य तृतीय सेमेस्टर (2024–2026) कक्षाओं वेबसाइट | www.ssvvonline.in**"प्रवेश सत्र 2025–2026"** |

ऑनलाईन पद्धति से पूर्व की भांति कालेज लागिन के माध्यम से प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए कक्षावार उपर्युक्त आनलाईन वेबसाइट **"प्रवेश सत्र 2025–2026"** विकल्प पर उपलब्ध होंगे।

**सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश की तिथि 25.11.2025 तक विस्तारित की जाती है।।**

सम्बद्ध महाविद्यालय अपनी प्रवेश–प्रक्रिया निर्धारित तिथि तक अवश्य पूर्ण कर लें तथा सभी महाविद्यालय अपने प्रवेशित छात्रों को नियमानुसार ऑनलाईन पंजीकरण करने के बाद प्रवेशावेदनपत्र को मुद्रित कर महाविद्यालय में अपने सन्दर्भ हेतु रखे। सभी कक्षाओं की प्रवेश–सूची को पोर्टल के कालेज–लागिन से निकालकर विश्वविद्यालय के परीक्षानुभाग में यथाशीघ्र जमा/प्रेषित करना सुनिश्चित करें। यह अंतिम अवसर है इसके बाद किसी प्रार्थना पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

इस पर मा0 कुलपति जी की स्वीकृति प्राप्त है।

नोट 1– शास्त्री प्रथम सेमेस्टर/आचार्य प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पंजीकरण हेतु शुल्क रू0 200/– देय होगा।

20/11/2025

(राकेश कुमार)
आई0ए0एस0
कुलसचिव
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0सा0 – **1495 /2025 दिनांक – 20.11.2025**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
4– प्रबन्धक निदेशक, समर्थ/यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
5– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
6– संगणक केन्द्र को कार्यदायी संस्था तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) एवं महाविद्यालयों/ प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं का निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
8– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(राकेश कुमार)
आई0ए0एस0
कुलसचिव
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी